जनपद - संतकबीरनगर **प्रेस विज्ञप्ति** **दिनाँक 16.01.2025**

शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 01 अभियुक्त गिरफ्तार

•थाना मेहदावल पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पीआरवी आफ द डे

पीआरवी 6003 द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल– पीआरवी 6003 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत सिरमोहनी से कालर द्वारा निर्माणाधीन पुल से बाईक के टकरा जाने से घायल व्यक्ति (1. राम अवतार पुत्र हरिराम मद्धेशिया ग्राम बिचला टोला थाना महुली जनपद संतकबीरनगर) के सम्बन्ध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायलों को ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय खलीलाबाद भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

पीआरवी स्टाफ- आ0 पवन कुमार मिश्रा, आ0 आलोक कुमार, हो0चा0 अनिल पाण्डेय।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 68 वाहनों से 84,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 16.01.2025 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 68 वाहनों से 84,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

दबिश के दौरान 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा वारण्टी नाम पता लाल बहादुर सिंह पुत्र स्व0 विद्या सिंह निवासी धमैचा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री फखरे आलम, हो0गा0 बालेन्द्र प्रसाद।

थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा वारण्टी नाम पता गब्बर पुत्र गंगा तुरहा निवासी रुईहट्टा थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री संजय कुमार वर्मा।

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर के निर्देशन में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा डिजिटल वॉरियर्स कार्यशाला का किया गया आयोजन, 'डिजिटल वारियर्स (सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कॉलेज के छात्रों का एक नेटवर्क) को भर्ती कर किया गया प्रशिक्षित।

आज दिनांक 16.01.2025 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली खलीलाबाद श्री अजित चौहान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना श्री आलोक सोनी व सोशल मीडिया सेल के नेतृत्व में संत कबीर विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगहर संतकबीरनगर में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त अध्यापकगण व छात्र / छात्रों को डिजिटल वॉरियर्स बनने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। अध्यापकगण व छात्र/छात्राओं को डिजिटल वॉरियर्स के कार्य जैसे अफवाहों को रोकना, अफवाहों को खंडन करना, सोशल मीडिया पर ऐसे फेक न्यूज़ जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ते हैं उनका खंडन करना, सोशल मीडिया के किसी भी सूचना को बिना जाने समझे शेयर न करना, पुलिस के कार्यों को प्रोत्साहित करना आदि के बारे में जानकारी दी गयी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार 'डिजिटल वारियर्स (सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कॉलेज के छात्रों का एक नेटवर्क) साइबर अपराध के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे, भ्रामक खबरों का मुकाबला करेंगे। आम नागरिकों को साइबर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित करेंगे और पुलिस के सराहनीय कार्यों और अभियानों का प्रचार करेंगे। यूपी पुलिस की इस नई पहल का उद्देश्य स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी के छात्रों को फर्जी खबरों पर अंकुश लगाना और साइबर खतरों की पहचान करने और उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए प्रशिक्षित करना है।